श्रीमती सुशमा स्वराजः मैं चाहती हूं कि कैबिनेअ को फौरन छोटा कर देना चाहिए। (व्यवधान) मुख्य मंत्री को यह नी देखना चाहिए कि सरकार टूट जायेगी या औरक ुछ हो जायेगा। सभापति महोदय, जब ये लोग दिल्ली से चलते हे तो दखने वालो को लुत्फ आ जाता है। कार नं. एच.वाई.ए. 15, 18, 43, 47 यानी सारी मिनिस्टरी कारो मे चण्डीगढ़ से दिल्ली भागी रहती है। 23 कारें चण्डीगढ़ से दिल्ली चलती है। क्या आपने इतनी बड़ी मिनिस्टरी कभी सुनी है। 45 मे से 23 मंत्री बने हुए है और उनकी कारों के आगे झंडियां लगी हुई है। क्या जरूरत है इतने मंत्री बनाने की ? लेकिन जरूरत रहती है और वह हे हालात की मजबूरी । जब इन साथियों पर एस्प र्ान कास्ट होता है जो मुख्य मंत्री महोदय ब्यान देते समय इस बात को भूल जाते है। क्योंकि अगर वे अपने साथियों की कारों पर झंडियां न लगाएं तो मिनिस्टरी टूट जाने का डर रहता है। इनकी मिनिस्टरी का करदार इतना ही है कि कारों पर झंडियां लगाओ और इनको रोके रखो। ये लोग कांग्रेस (इ) की नीतियों की वजह से नही रूके हुए इसलिये जब मुख्य मंत्री बयान देते है तो भूल जाते है कि उनके साथियों पर एक्सप र्ान कास्ट हो रहा है। (व्यवधान) हमारे वित्त मंत्री श्री तायल का बयान आया था, वे गांधीवादी विचारधारा के आदमी है। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि जब आप पहले मिनिस्टरी मे आये थे तो 8 मंत्री थे, जब इतनी बड़ी मिनिस्टरी है, इसके बारे मे आपको क्या कहना है ? इन्होंने कहा कि क्या करे, 'नीड आफ दी आवर' है। अगर ऐसा नही करेंगे तो सब कुछ

गडबड़ हो जायेगा। इस प्रकार वे इस चीज को मंजूर करते है कि अगर इनको कार और झंडियां नही देंगे तो मामला गड़बड़ हो जायेगा। सभापति महोदय, इतनी बड़ी मिनिस्टरी से पब्लिक एक्सचैकर पर बहुत बड़ा बोझ है। पब्लिक एक्सचैकर केसे बनता है ? हरियाणा की जनता अपने खून पसीने की कमाइ से टैक्स देती है जिससे पब्लिक एक्सचैकर बनता है। इस पैसे का 23 आदमियों की मिनिस्टरी बनारकर और हर एक को कोठियां और कारें देकर दुरूपयोग नही करना चाहिएं अगर मुख्य मंत्री महोदय अपनी मिनिस्टरी का आकार छोटा कर दे तो पब्लिक एक्सचैंकर पर बोझ कम हो जायेगा।

सभापति महोदय, पेज 4 पर 22 हजार रूपये के डिक्रिटल अमाउंट का खर्चा मांगा गया है। अगर अमाउंट के लिहाज से देखे तो यह रकम कोई ज्यादा नही है। यह चार्ज्ड आइटम है, इस पर बहस तो की जा सकती है लेकिन वोटिंग नही हो सकती। इस आइटम मे लिखा है कि एक वेन दिल्ली से चण्डीगढ़, प्रैस पार्टी को लेकर आ रही थी। (व्यवधान) सभापति महोदय, आप चुनिए, बडी सनसनीखेज बात है। वैन प्रैस पार्टी को लेकर आ रही थी कि रास्ते मे एक ट्रक एक साईकल वाले को टक्कर मार गिरा कर चला गया। वैन के ड्राईवर को उस पर तरस आय गया और वह उस साईकल वाले को उठाकर हस्पताल ले गया। साईकल वाले के रि तेदारों ने वैन के ड्राईवर के खिलाफ

मुकदमा दायर कर दिया। सभापति महोदय, इन्होंने जो लिखा है वह मैं पढ़ कर सुनाती हूं। इसमे लिखा है–

"The relatives of the deceased filed a compensation suit for 30000 under section 110-A of Motor Vehicles Act, 1939, in the Court of Motor Accidental Claims Tribunal, Karnal and implicated. Jit Singh, the driver of the Publicity Van.

The Motor Accidental Claims Tribunal without placing any credience on the evidnece of Sh. Jit Singh, driver of the Van and also the Conductor of the Van, passed a decree of Rs. 22000 against the Govt."

सभापती महोदय, मैं जानना चाहती हूं कि क्या इस दे ा का कानून इतना अंधा है और हमारे प्रदे ा की सरकार इस अंधे कानून को स्वीकार करती है ? ठीक है, सरकार ने उसको पैसा देना था इसलिये उसको इस पैसे का दर्द नही है। जो देना था वह सरकारी खजाने से दे दिया लेकिन मैं पूछन चाहती हूं कि अगर आम आदमी के ऊपर इस तरह का झूठा क्लेम डाल दिया जाये तो वह 22000 रूपये की डिक्री कहां से देगा। एक निर्दोश आदमी, जिसने घायल आदमी की मदद की, और उसके खिलाफ डिक्री दे दी, यह कितनी अन्यायपूर्ण बात है। सभापति महोदय, मैं इस बात को आसानी से नही लेना चाहती, मैं वकील हूं, मैं अच्छीर तरह से जानती हूं कि पब्लिक एविडैंस अगर न हो तो कोई भी ट्रिब्यूनल इस तरह की डिक्री नही दे सकता। सभापति महोदय, मुझे तो इसमे से राजनैतिक बू आती है। कोई न कोई टैस्टिमनी

ट्रिब्यूनल के सामने जरूर आया होगा जिसके आधार पर ट्रिब्यूनल ने 22000 रूपये का क्लेम दिया है। इसके अतिरिक्त, एक और राजनैतिक बू आती है। मरने वाला झंझाड़ी गांव का रहने वाला था जहां के हमारी माननीय मंत्री चौधरी ि ावराम वर्मा है। हो सकता है इस आदमी को क्लेम दिलवाने मे इनका हाथ हो।

श्री सभापतिः कोर्ट का फैसला हैं इसमे मंत्री जी के हाथ का क्या प्र न है ?

श्री मूल चंद जैनः चेयरमैन साहब, ठीक है कोर्ट का फैसला है लेकिन वैन मे जो प्रैस के आदमी सफर कर रहे थे, उनको कोर्ट ने विटनैस मे क्यों नही पे ा किया गया ? (विध्न)

श्रीमती सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, यह चार्ज्ड आईटम है, वोटिंग के लिये नही है लेकिन इस पर बहस हो सकती है। मैंने इस आईटम पर जो सवाल उठाया है वह सदन के सामने है। अगर बिना रिकार्ड के, बिन किसी एविडैंस के, कोई ट्रिब्यूनल इस प्रकार का निर्णय दे दे तो मैं समझती हूं कि सारे इंसान अपनी इंसानियत से हट जायेंगे और एक सामन्य आदमी किसी घायल को देख कर उसे उठाने की हिम्मत नही करेगां ऐसे समय पर वह कहेगा कि मेरे पीछे सरकार नही, मैं कहां से क्लेम दूंगा। अगर कोई व्यक्ति सरकार के खिलाफ डिक्री करने की जुर्रत करता हे तो मैं समझती हूं कि वह कोई सामान्य व्यक्ति नही क्योंकि सामान्य व्यक्ति इस प्रकार का काम नही कर सकता ।

इसमे किसी वि ोश आदमी का हाथ हो सकता है, इसके बारे मे मंत्री महोदय अपनी मं ाा क्लियर करें।

अब मैं डिमांउ सं. 6 पर आती हूं जिसमे पेमैंट आफ इन्ट्रैस्ट आन जनरल प्रोविडैंट फण्ड का जिक्र किया गया है। इसमे 4369680 रूपयेी की मांग की गई है। सथापति महोदय, मैने भाुरू मे कहा था कि बजट की प्लानिंग करत`समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस मे कम से कम रूपये की मांग की जाये। सरकारी कर्मचारियो को प्रोविडैंट फण्ड इन्ट्रैक्ट देने के लिये सरकार ने बजट मे 57503000 रूपया मांगा था लेकिन अब सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस मे 4369680 रूपये की और मांग की है। 10 हजार, 20 हजार का फर्क हो सकता है लेकिन इतना फर्क नही हो सकता कि लोखो रूपये का फर्क पड़ जायें आप सोचिये कि ये लोग कैसे अजट की प्लानिंग करते हैं? ऐसा लगता है कि ए.जी. महोदय किसी विभाग के आंकड़े लेना ही भूल गये होंगे । तो मैं कहना चाहूंगी कि वित्त मंत्री महोदय जब बजट की प्लानिंग बनवाएं तो सही आंकड़े लेकर बनवाएं । इस तरह तो सरकार की इनऐफिसिएंसी का नतीजा हमारे सामने आता है।

सभापति महोदय, अब मैं पेज नं. 19, डिमांड नं. 7 पर आती हूं। इसमे 1936760 रूपये प्रिंटिंग एण्ड स्टे ानरी डिपार्टमैंट के लिये मांगे गये है। इसमे लिखा है कि–

"In view of the increase int he cost of stationery articles and paper, additional expenditure to the extent of Rs.

1936760 is required to fulfil the demand of the State Government Department during the current financial year."

कहते है कि चूंकि स्टे ानरी आर्टिकल्ज और पेपर आदि की कास्ट इंक्रीज हो गई है इसलिये इस पैसे की जरूरत पड़ी। मैं तो सभापति महोदय यह कहूंगी कि प्रिंटिंग और स्टे ानरी डिपार्टमैंट मे तो लूट मच रही है। सभापति महोदयत्र यह जो लिफाफा आप देख रहे है यह बाजार मे एक या दो नए पैसे का मिल जाता है लेकिन प्रिंटिंग एंड स्टे ानरी डिपार्टमैंट मे 17 पैसे का मिलता है। (विघ्न) पैड 3 रूपये 36 पेसे का मिलता है उसमे तो आठ आने, रूपये की गुंजाय ा है लेकिन यह लिफाफा 17 नए पेसे मे हमें मिलता है। क्या ये इसी बात के लिये हमारे से 1936790 रूपये मांगते है जबकि कास्ट बिल्कुल नही बढ़ी है। हां, डिफरैंस यह है कि इस पर ऐमब्लैम लगी हुई है और बाजार से अगर हम लेंगे तो प्लेन मिलेगा। क्या ऐमब्लैम की छपाई पर इतने पैसे खर्च आ गए ? मुझे समझ मे नही आती कि किस तरह यह डिपार्टमैंट लूट रहा है ? फिर सभापति महोदय, 104620 रूपये इनहे इसलिये चाहिए क्योकिं इन्होंने यू.टी. के प्रैस से ज्यादा से ज्यादा चीजे छपवाईं है। सरदार तारा सिंह जी यहां बैठे हुए है। यह महकमा इनके पास है। आज इस हरियाणा को बने 14 साल होने जा रहे है। क्या इन 14 वर्शो से ये अपने प्रैस को भ इतना सुदृढं नही कर सके, फैला नही सके के कम से कम अपना काम तो उसमे खुद छाप सके। यू.टी. प्रैस, चण्डीगढ़ एडमिनिस्ट्रे ान का प्रैस है। वह अपना काम भ करता है, हरियाणा का मैटीरियल

भी छापता है और पंजाब का मैंटीरियल भी छापता है। लेकिन हमाराप्रैस अपना काम करने योग्य भी नही है। बात तो ये बड़ी बड़ी करते है कि पंचकूला मे प्रैस लगा है, मधुबन मे लगा हुआ है लेकिन मेरी समझ मे नही आता कि वे करते क्या है जबकि यू.टी. एडमिनिस्ट्रे ान के प्रैस से इतना काम हमें करवाना पड़ता है ? मैं अपनी सरकार को सुझाव देती हूं क्योंकि सरदार तारा सिंह जी काफी सूझ बूझ वाले मंत्री है कि ज्यादा से ज्यादा पैसा बचाने के लिये अधिक से अधिक काम अपने प्रैस से करवाएं और यू.टी. एडमिनिस्ट्रे ान को पैसा देने वाली बात पर गौर करें।

सभापति महोदय, अब मै आपका ध्यान पेज नं.35, डिमांड नं. 13 की ओर आकर्शित कराना चाहती हूं। हरियाणा हरिजन कल्याण निगम के बारे मे बाबू मूल चंद जैन जी ने चूंकि काफी कह दिया है इसलिये मैं इस संबंध मे ज्यादा नही कहना चाहूंगी लेकि एक बात सरकार के नोटिस मे जरूर लाना चाहती हूं सभापति जी, पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी की मैंब्र होने के नाते से इस निगम की वर्किंग को मैंने काफी तफसील से देखा है और मुझे यह कहते हुए संकोच नही है कि जरा भी संतोशजनक इस निगम की वर्किंग नही है। अगर सयम होता और हरिजन कल्याण निगम की रिपोर्ट पर बहस करनी होती तो ऐसी सनसनीखेज चीजे मैं हाउस के सामने रखती जिन्हे सुनकर आप हैरान हो जाते। यह निगम हरिजनो को कर्जा देती है। पी.यु.पी. के चेयरमैन श्री सुमेर चंद भट्ठ यहां नही बैठे है वरना वे मेरी बात को वाच करते।

सभापति जी ट्रैक्टरों के लिये कर्जा दिया गया लेकिन गारंटर के द्वारा हरिजनों से कहा जाता है कि आप गारंटर लाए। सभापति जी आप इनकी वर्किंग के बारे मे जानकर हैरान होंगे। हिसार मे कोई गुलाब सिंह जैन एंड कम्पनी ट्रैक्टर्ज का व्यापार करती है। बजाय इसके कि हरिजनों की तरफ से कर्जे के लिये ऐप्लीके ांज आएं वह गुलाब सिंह जैन एंड कम्पनी ऐप्लीके ान्ज देती है। कहते है कि इन हरिजनों को कर्जा दे दो। मीटिंग के ऐजेंडे मे गारंटर की ऐप्लीके ान्ज पहले कंसिडर हो रही है और जिन हरिजनों को कर्जा दिया जा रहा है उनकी ऐप्लीके ान्ज ही नही है। (विघ्न) ऐसा क्यों हुआ ? क्योंकि उनका पोलिटिकल पुल था। (विघ्न) उनको पैसा दे दिया गया क्योंकि वह सरकार का एक अच्छा फाईनैंसर है।

श्री सभापतिः कौन सी सरकार का ? (विघ्न)

श्रीमती सुशमा स्वराजः कांग्रेस सरकार का। (विघ्न)

श्री सभापतिः अब किसके साथ है? (विघ्न)

श्रीमती सुशमा स्वराजः कांग्रेस भी कई किस्म की हो गई है। कोई कांगेस (आई) है कोई कांग्रेस (यू) है कोई कांगेस (मैं) है और कोई कांग्रेस (तू) है इसलिये मैं इंदिरा गांधी की सरकार का कहती हूं। (ाोर)

तो सभापति महोदय, मैं यह कह रही थी कि गारंटर की ऐप्लीके ान पर सैटिसफाई हो करके हरिजनों को कर्जा दे

दिया गया। उनकी ऐप्लीके ान्ज बाद मे ली गई लेकिन आज ये हरिजनों के पीछे घूम रहे है। सारे के सारे हरिजन डिफाल्टर्ज बने हुए है। ये कहते है कि इन इन हरिजनों के नाम कर्जा है उसे वापिस लेकर आओ। डिप्टी कमि नर उनके पीछे रिकवरी आफिसर भेज देता है। (विघ्न) सभापमि जी समाज के पिछड़े हुए वर्ग की सेवा करने के लिये यह निगम बनायी थी। सोचा था कि यह उनकी सेवा करने के उनके झूठे अंगूठे लगाकर रिकवरी अफसर उनके पीछे लगा दिये। यह कितनी गलत बात है ? (विघ्न) तायल साहब तो स्वयं पी.यू.सी. के चेयरमेन रहे है। इनको चाहिए कि ये सारी कार्पोरे ान्ज के अधिकारियो को बुला करके उनसे अपनी काम को अच्छी तरह से करने के लिये कहे। मुझे अफसोस है कि इतना सब कुछ होते हुए भी इस निगम मे धांधली हो रही है और उसकी तरफ कोई ध्यान नही दिया गया है। (विघ्न) सभापति जी इसी पृश्ठ पर एक आइटम है– 'Grant-in-aid to poor distitute and handicapped persons.' इसके लिये टोकल डिमांड 10 रूपये की रखी गई है। मैं इसका विरोध नही करना चाहती। इसमे लिखा गया है कि कुछ डैस्टिच्यूटस और डिसएवल्ड लोगो को ग्रांट देने के लिये यह पैसा चाहिए । मुख्य मंत्री जी जब दौरा पर जाते है तो इस तरह के लोग मदद के लिये उनके पास आते है। पोसीजरल रिक्वायरमैंअस के मुताबिक ग्रांट देने मे चूंकि काफी समय लग जाता है इसलिये आन दि स्पौट ग्रांट देने के लिये यह एक लाख रूपया मांगा गया है। मैं इसके लिये सरकार को बधाई देना चाहती हूं कि कोई विरोध नही कर रही हूं। लेकिन एक बात

मुझे अखर रही है कि जिसके बारे मे जानना चाहती हूं। इस डिमांड के आइटम नंबर एक मे अंत की लाईन पर लिखा हुआ है– "Since savings are available within the grant, a token demand of Rs. 10 only is presented for the vote of Legislature." सभापति महोदय, अगर एक लाख रूपया अलग से मांगा जाता और सदन के सामने वोटिंग के लिये रखा जाता तो मैं खु ाी से वोट देती ओर दूसरे सदस्यो को भी कहती कि बड़ी अच्छी अनुपूरक मांग है इसे पास किया जाये। परंतु मेरी समझ मे यह बात नही आती कि कौन सी और कहां से सेविंग इस विभाग के पास अवेलेबल है जिससे यह एक लाख रूपया दे रहे है। सो ाल वैलफेयर डिपार्टमैंट के पास तो ओल्ड ऐज पै ान की बेइंत्ताह एप्लीके ान पैंडिंग है फिर यह सेविंग कहां से हो गयी ? जब मैं इस विभाग की मिनिस्टरी थी उस समय पर वैलफेयर डिपार्टमैंट के सैक्रेटरी को कहती थी कि फलां आदमी को पैं ान दे दो तो वे कहा करते थे कि हमारे पास बहुत अधिक मात्रा मे एप्लीके ान्ज पैंडिंग है इसलिये हम तो उसी हिसाब से पैं ान देते है जिसकी पहले एप्लीके ान आयी है उसको पहले दैंगे और जिसकी बाद मे आयी हैख उसको बाद मे देंगे। उनका जवाब यही होता था कि हमारे पास पैसा नही है।

सभापमि महोदय, पिछली बार बजट पर बोलते हुए मैंने सरकार से गुजारि ा की थी कि इस पैसे को बढ़ा दिया जाये। मुझे बड़ी खु ाी है कि कल वित्त मंत्री महोदय ने बजट पे ा करते हुए उस रा ि ा को बढ़ा दिया है। पिछले वर्श तक 8700

आदमियों को पैं ान दी जाती थी तब सन् 1980–81 मे और दस हजार व्यक्तियों को पैं ान दी जायेगी । मेरी समझ मे यह बात हनी आती कि इसमे सेविंग कैसे हुई, इसमे तो हमे ाा ग्रांट कम पड़ती थी। मैं यह कहूंगी कि महकमे का इतना पेसा बचे तो उसकी इन एफिसेन्सी है। यह भी मैं मान सकती कि उन के पास आर्गेनाइजे ान है। ओल्ड ऐज पें ान के केसिज भी इनके पास होंगे। मैं तो यह जानना चाहती हूं कि फिर यह ग्रांट कहां से बची हुई है। इस बारे मे सुझाव दूंगी की जितने भी ओल्ड ऐज पै ान के केसिज है पहले उनको निपटाया जातां यह तो दस रूपये की ओकन डिमांउ लाये है, उसकी बजाए एक लाख रूपये की अलग से डिमांड ले आते तो हम खु ाी से वोट करके पास कर देते। परन्तु हमारी जो आलरेडी एप्लीके ान्ज निपटायी जा सकती थी और इस एक लाख रूपये के लिये अलग डिमांड ले आते। मैं इतना कह कर खत्म करती हूं

स्वामी आदित्यवे ा (हथीन): सभापति जी, अभी बहिन सुशमा जी ने जितनी बातें रखी है उनके विशय मे मुझे कहना पड़ेगा कि ''कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा भानमती ने कुन्बा जोड़ा'' (विघ्न)

श्री सभापतिः हाउस बड़ा भाान्ति से चल रहा है। आप उनकी बात तो सुनें

श्रीमती सुशमा स्वराजः सभापति जी, जब मैं बोल रही थी तो आप बड़े ध्यान से मेरी बात तो सुन रहे थे लेकिन स्वामी जी कह रहे है कि ''कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा भानमती ने कुन्बा जोड़ा''

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति जी, मेरे से पूर्व बोलने वाले भाई यदि इन डिमांडज के प्रावकथन को पढ़ लेते तो एक एक बात का पता चल जाता । हमारी सरकार ने सारी अनुपूरक मांगे 39.33 करोड़ रूपये की रखी है। इसमे 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम के लिये 21.36 करोड़ रूपये की मांग भी भाामिल है।

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। सभापति जी डिमांड पर बोलते हुए स्पैसीफायी करना पड़ता है कि कौन सी डिमांड पर बोलना है। स्वामी जी को तो यह पता ही नही है कि वे कौन सी डिमांड पर बोल रहे है ? (ाोर)

श्री सभापतिः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही है।

डॉ. मंगल सैनः तायल साहब यह बात ठीक फरमा रहे है ताकि वे फ्री स्टाइल न हो सके ओर स्पैसिफिक डिमांड पर कंसंट्रेंट कर सकें।

श्री सभापतिः यह आप पूछेंगे या मैं पूछूंगा।

डॉ. मंगल सैनः आप ही पूछेंगे लेकिन डिमांड नंबर तो बताना चाहिए।

स्वामी आदित्यवे ाः मैं डिमांड नं. एक से लेकर 25 तक बोल रहा हूं। (ाोर)

श्री बलदेव तायलः सभापति जी, एक से लेकर 25 तक कहने से काम नही चलेगा। इनको डिमांड नंबर स्पैसीफायी करनी चाहिए कि किस पर बोलना चाहते है। (विघ्न)

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति जी, वित्त मंत्री महोदय ने बड़े स्पश्ट भाब्दों मे 21.36 करोड़ रूपये 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम के लिये मांगा है। 39.33 करोड़ रूपये की कुल अतिरिक्त मांग, या तो प्रति समंजनों अथवा भारत सरकार, एन.सी.डी.सी. द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता अथवा ''समतुल्य अनुदान स्कीम'' के लिये जनता के योगदान से 25.31 करोड़ रूपये तक कम हो जाने की सम्भावना है और जो भोश 14.2 करोड़ रूपये है वह पिछला जो हमारा 227 करोड़ रूपये का प्लान था उसमे 196 करोड़ रूपया खर्च हुआ है, उसमे जो बचेगा वह इसको पूरा कर देगा। इसलिये इन अनुपूरक मांगों से हमारे खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नही पड़ेगा। हमारी सरकार ने कितना अच्छा काम किया है कि तीन करोड़ रूपये से ज्यादा एमपलाइज को महगांई भत्ते आदि का दिया है और एक करोड़ रूपया हमारी पुलिस की वर्दी, अलाउंस तथा उनको एक माह का अतिरिक्त वेतन के लिये

दिया गया है। इसी प्रकार से ओलावृश्टि के कारण किसानो की जो फसल तबाह हुई थी, उसके लिये छः करोड़ पांच लाख रूपया दिया है और हरियाणा मे जो सूखा पड़ा है। उसका मुकाबिला करने के लिये 72 लाख रूपया दिया गया है। कम से कम अपोजी ान के भाईयो को अच्छी बात तो कह देनी चाहिए। सभापति महोदय, इस सरकार ने एक बहुत ही सराहनीय कार्य किया है कि समाज का जो आखिरी आदमी है जिसको कोई पूछता भी नही था उसके लिये साल लाख 27 हजार रूपया दे कर, पचास रूपये महीने के हिसाब से तन्खाह बढ़ायी है। हमारे वाल्मीकि भाईयों की पचास रूपये महीने के हिसाब से तन्खाह बढ़ा दी है जो आज तक किसी सरकार ने नही बढ़ायी थीं

श्री बलदेव तायलः चेयरमैन साहब अब तक ये किसी भी अनुपूरक मांग पर नही बोले है इसलिये मेरी गुजारि ा है कि ये पहले समाज के प्रचारक थे और अब से भजन प्रचारक है।

श्री सभापतिः आप पढ़े लिखे काबिल आदमी है, इनको भी बोलने दें।

डॉ. मंगल सैनः सभापति जी, गुस्ताखी माफ। आपने अभी फरमाया कि बलदेव तायल तो आप तो काबिल आदमी है तो क्या उनकी काबलियत पर आपको भाक है ?

श्री सभापतिः मुझे किसी की काबलियत पर भाक नही है।

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति जी, पता नही इन सब लोगों को किस बात का फोबिया हो गया हे, बोलने की नही देते है। हम इनकी सारी बाते सुनने के लिये तैयार है (ाोर) लेकिन ये हमारी कोई भी बात सुनने के लिये तैयार नही। (ाोर) बिना सोचे समझे ही बात कहना भाुरू कर देते है। अभी पहले कोई साथी कह रहे थे कि गवर्नर साहब के ऊपर इतना ज्यादा खर्च कर रहे है। अगर वे इन डिमांडज को ध्यान से पढ़ लेते तो उनको पता लग जाता कि वह पैसा किस लिये मांगा जा रहा है। यह पैसा वहां के एम्पलाइज के लिये और वहां जो फोर्थ एम्पलाइज है, उनकी वर्दी के लिये मांगा जा रहा है।

जनता सरकार ने अपने टाईम पर कभी नही सोचा कि एक एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिये किस तरह से बिल पे ा किये गये । (ाोर) ये उस बात की तरफ ध्यान नही देंगे और कोई न कोई अपनी ही बात कहने की कोि ा ा करेंगे। जब ये लोग दूसरों को आरोपित करते है तो उसका उत्तर सुनने की भी हिम्मत होनी चाहिए लेकिन इनकी ये हिम्मत नही है कि दूसरो की बात भी सुन ले। यहां पर हवाई गोले छोड़ कर चले जाते है। नैतिकता तो यह है कि अपने सवालों का भी इनको उत्तर सुनना चाहिए और सदन मे जो भी बात कही जाये वह भी जिम्मेदारी सेै कहनी चाहिए। (ाोर) सभापति जी, पिछली बार इसी सदन मे एक बिल आया था जो सदस्यो को पैं ान देने के बारे मे था। उसमे यह लिखा हुआ था कि जो भी भूतपूर्व विधायक है, उनको भी

पैं ान दी जायेगी। उससे स्टेट के खजाने पर लाखों रूपये का खर्चा बढ़ेगा। इस पैं ान बिल को इसलिये लाया गया था कि साहब राम जी जो चौधरी देवी लाल भूतपूर्व चीफ मिनिस्टर के भाई है, उनको भी पिछली डेट से पैं ान मिल जायेगी। पिछली तारीख से लाने का उनका यही मकसद था। (ाोर) इन्होंने इस बात पर उस समय यहां हाउस मे कोई चर्चा नही की क्योंकि उन्होंने पैं ान लेनी थी।

चौधरी गंगा रामः सभापति जी * * * *

* * * * * * * * * * *

*

* * * * * * * * * * * *

* * * * * * * * * * * *

* * * * * * * * * * * *

* * * * * * * * * * * *

श्री सभापतिः जो कुछ चौधरी गंगाराम ने कहा है यह एक्सपंज कर दिया जायें

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति जी, मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि प्रत्येक गांव मे जहा पर आबादी 2000 से ज्यादा होगी वहां पर कन्जयूमर्ज स्टोर खोले जायेंगे। 73 लाख 18 हजार रूपये की रा ि ा इस प्रकार के कंजयूमर्ज स्टोर खोलने के लिये खर्च की जा रही है। 214 गांवो मे इस प्रकार के भण्डार खोले जायेंगे।

पहले हरियाणा के भाहरों को ही ये सुविधाएं मिलती थी लेकिन अब ये सारी सुविधाएं मिलती थी लेकिन अब ये सारी सुविधाएं मिलती थी लेकिन अब ये सारी सुविधाएं गांवों तक भी पहुंचाने के लिये यह सरकार प्रयत्न ाील है। (ाोर) इनको कम से कम जो अच्छी बाते है उनकी तो तारीफ करनी चाहिए। लेकिन ये जो अच्छी बाते होती है उनमे वे अच्छे भाब्द निकाल कर बुरे भाब्दो को एलैबोरेअ करने की कोि ा ा करते है। (ाोर)

श्री सभापतिः आप लोगों को भी बोलने का समय मिलेगा, बीच मे न बोले।

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति जी, इस सरकार ने बहुत बढ़िया काम किये है, इसके लिये मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं। हमारी सरकार ने कल करोड़ो रूपये का बजट इस हाउस मे रखा लेकिन एक पैसे का भी टैक्स नही लगाया । यह हरियाणा की पहली ऐतिहासिक घटना है। इस सरकार ने किसी गरीब पर, किसान पर या मजदूर पर किसी प्रकार का कोई टैक्स नही लगाया। कितने वर्क चाईड कर्मचारी थे उन को भी काफी लाभ हुआ है। (ाोर) सभापति जी, पिछले साल जब बाढ़ आई थी तो लोगों के मकान गिर गये थे, किसानो की फसले नश्ट हो गई थी तथा गांवो के अंदर बीमारी फैली हुई थी फिर भी उस समय चौधरी देवी लाल की सरकार ने उनके 93 लाख रूपया चंदे के रूप मे इकट्ठा किया और उन पर नाजायज बोझ डाला। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इस साल दोनो फसले खराब हो गई है

लेकिन किसी पर भी किसी प्रकार का कोई नया टैक्स नही लगाया। इसी प्रकार इस सरकार ने प्रत्येक वर्ग को हर प्रकार से सुविधा जुटाने की पूरी पूरी कोि ा ा की है। (ाोर) ये जो अनुपूरक मांगे सदन के सामने रखी गई है, इससे हमारे खजाने के ऊपर कोई बोझा नही पड़ता है। इसलिये मैं सदन से प्रार्थना करता हूं कि इन अनुपूरक मांगो को स्वीकार कर लिया जाना चाहिए।

चौधरी संत कंवर (हसनगढ़): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आप का धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया है। मैं सबसे पहले डिमांउ नं. 2 पर बोलना चाहता हूं। स्वामी जी ने बड़ी बड़ी बातें इस सरकार के बारे मे कही है। उन्होंने खुद सप्लीमैंटरी डिमांडज को नही पढ़ां इनमे अगर खुद मे कोई नैतिकता होती तो वे इतनी बड़ी बातें न करते। इनको यह भी नही पता कि ये कहां से आए है और कहां पर चले गये है। इनको यह भी पता नही कि असैम्बली की तरफ से एक किताब छपती है जिसमे प्रत्येक विधायक का परिचय होता है जिसको 'हूइज हूं' कहते है। (ाोर)

श्री मांगे राम गुप्ताः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। स्वामी जी जब से स्वामी बन कर आयें है जब से यही पर बैठे हुए है।

श्री सभापतिः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही है। चौधरी संत कंवर जी आप अपनी डिमांड पर बोलिये ताकि मंत्री महोदय जवाब दे सके।

चौधरी संत कंवरः सभापति जी, मैं डिमांड पर ही बोल रहा हूं। चेयरमैन साहब, इस असैम्बली मे एक कानून पास किया गया है कि मैंबरो को कारों और मकान के लिये लोन मिलेगा लेकिन मैं सदन को आप की मार्फत यह बताना चाहता हूं कि जो लोन उगाहने का तरीका है वह नही बताया गया है। (ाोर) हमारी यह बदकिस्मती है कि यहां हाउस मे ऐसे मैंबर भी बैठे है जिन्होंने न अपने बाप का नाम लिखा है, न अपनी मां का नाम लिखा और और न ही यह बताया कि वे कहां पर पैदा हुए है। उनका कोई अता पता नही है। मैं स्वामी आदित्यवे ा जी का नाम लेना चाहता हूं। उन्होंने न अपने बाप का नाम किताब मे दिया है और न ही अपनी मां का नाम दिया और न ही यह बताया है के वे कहां पैदा हुए है (ाोर) तो मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि यह जो विधायकों को लोन दिया जा रहा है यह उनसे किस तरीके से वसूल करेंगें।

श्री सभापतिः यह सरकार का कार्य है। सरकार अपने आप वसूल करेगी।

लोक निर्माण मंत्री (कंवर राम पाल सिंह): आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। जब स्वामी जी बोल रहे थे तो कह रहे

थे कि स्वामी जी कि डिमांड पर बोल रहे है। तो मैं इसी विशय मे आपके द्वारा अपने साथी से पूछता हूं कि वे किस डिमांड पर बोल रहे है ? (ाोर)

चौधरी संत कंवरः चेयरमैंन साहब, मैं मंत्रियों और सदस्यों के भत्ते की डिमांड पर बोल रहा हूं। सभापति जी, जो लोग नैतिकता की बात करते है उनमे खुद मे कोई नैतिकता नही है। हमारे हिन्दु धम्र मे अग्नि के सामने बैठ कर पति पत्नी एक सूत्र मे बंधते है और वचन लेते है, लेकिन स्वामी जी, उस सूत्र को भी तोड़ा है, नैतिकता को तोड़ा है, असूलों को तोड़ा है। (ाोर) (इस समय सभापतियों की सूची मे से एक सदस्य चौधरी राम कि ान, पदासीन हुए)

चेयरमैंन साहब, मैं अब एक बात डिमांड नं.2 के बारे मे कहना चाहता हूं । इस डिमांड मे 12½ लाख रूपये की रा ि ा रखी गई है यह सारे का सारा पैसा हमारी मंत्रि परिशद गलत ढंग से खर्च कर रही है। लाखों रूपया टी.ए/डी.ए. पर खर्च किया जा रहा है चेयरमैंन साहब जो मंत्री दौरा करते है उनकी पोजी ान यह है कि मैं उस मंत्री महोदया का नाम नही लेना चाहता। वह सोनीपत जिले के एक कौमी गांव मे गई थी। उस गांव के लोगो ने बैठकर यह फैसला किया कि जो मैंबर पार्टी बदल कर, भारत भ्रमण करके आएं है और जिन्होंने हरियाणा के नाम को कलंग लगाया है ऐसे आदमियों के हम द ान नही करेंगे। जब वे मंत्री महोदया गांव मे गई तो वहां पर पब्लिक रिले ान्ज डिपार्टमैंट के

आदमियो के सिवाए कोई भी आदमी नही था। (ाोर) तो गांव के आदमियों ने जब यह फैसला किया हो कि इनसे नही मिलना तो मंत्री महोदया ने यह सोचा कि गांव के 5–7 आदमियो को पौली मे बिठाकर बात की जाये। मंत्री जी उनसे मिले के लिये गांव मे नकली तो सामने से दो आदमी आ रहे थे। उन्होंने इनको नमस्ते भी नही की। लेकिन जब वे नजदीक आ गये और उन्होंने देखा कि भई यह तो मंत्रिमण्डल की एक यदस्या है, तो वे भाग कर घरों के अंदर घुस गए और दरवाजा बंद कर लिया। गांवो मे ऐसा व्यवहार हमारे मंत्रिमण्डल के सदस्यो के साथहो रहा है जिनके ऊपर लाखो रूपया खर्च कर रहे है। चेयरमैन साहब, मैं इस सदन का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि जिस तरीके से यह दल बदलुओ की सरकार और यह अस्थायी सरकार हरियाणा की जनता के खूद पसीने की कमाई का पैसा खर्च कर रही है, उसके लिये हरियणा की आने वाली पीढ़ियां इनको कभी भी माफ नही करेगीं ये कहते है कि हमने तो जनता के मैनडेट को माना है जनता के कांग्रेस (आई) के हक मे फैसला दिया, इसलिये हम उधर चले गये। अभी कुछ दिनों मे नौ विधान सभाओं के लिये चुनाव होने जा रहे है। हरियाणा का भी साथ ही मे चुनाव हो जाता तो ठीक था। खैर, अब भी चुनाव हो कर रहेगा, यह मैं गारंटी से कह सकता हूं कि चुनाव होने के बाद ये कांग्रेसी नही, यहां पर लोग दल और जनता पार्टी के ही सारे सदस्य मिलेंगे। (व्यवधान व भाोर) मैं तो यह कहता हूं कि 9 विधान सभाओं के

चुनाव हो जाने के बाद आप सब लोग कांग्रेस को छोड़कर वापिस इधन ही आओंगे।

श्री सभापतिः आपके 8 मिनट हो गये है, दो मिनट बाकी है। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी संत कंवरः चेयरमैंन साहब, डिमांड नं. 9 एजुके ान के बारे मे है। एजुके ान के बारे मे स्वामी जी ने बड़ी बड़ी बाते की । आज हालत यह है कि गांव के गरीब आदमी का बच्चा जिस स्कूल मे पढ़ने के लिये जाता है, वहां पर कमरे नही है। एक एक कमरे मे स्कूल खोल रखा है और एक ही वहां पर अध्यापक रखा हुआ है। एक नही, सारे प्राइमरी स्कूल ही ऐसे है। मैं एक बात को चीफ पार्लियामैंट्री साहिबा ने नोटिस मे लाना चाहता हूं कि अध्यापकों को आपसे बहुत उम्मीदें थी क्योंकि आप भी उसी वर्ग से संबंध रखती रही है। (व्यवधान व भाोर) करोड़ो रूपये खर्च करके पब्लिक स्कूल खोले गये है जैसे राई मे स्कूल है, जहां पर अफसरों के और धनाढ़यों के बच्चे पढ़ते है। उनके मुकाबिले मे उन स्कूलों के लिये जहां पर गरीबों के बच्चे पढ़ते है, कोई भी पैसा नही रखा गया है। अगर आप इस विभाग को ऊपर उठाना चाहती है तो सबसे पहली बात इस दि ाा मे करनी चाहिए कि गरीब आदमी के बच्चे मे इन्फीरीयरिटी कम्पलैक्स न आने पाये। एक ओर तो पब्लिक स्कूल्ज है जो इस दे ा मे आजादी के बाद से फ्रीली पनप रहे है और दूसरी ओर ऐसे स्कूल्ज है जो गरीब बच्चों के लिये है। इस दोहरी ि ाक्षा नीति के बारे मे

हरियाणा सरकार को तुरंत फैसला देना चाहिए कि प्रदे ा के अंदर से दोहरी ि ाक्षा नीति को समाप्त किया जाये ताकि चौधरी खुर ाीद अहमद का और एक गरीब का बच्चा एक साथ पढ़े और बहिन भाांति राठी का और एक गांव के आदमी का बच्चा एक साथ पढ़े।

मैं डिमांड नं. 12 पर भी कुछ बोलना चाहता हूं। स्वामी जी ने 'फण्ड फार वर्क' प्रोग्राम का जिक्र किया। वे गांव के अंदर जाकर तो देखते नही है, वैसे ही बोल देते है। यह स्कीम तो बहुत बढ़िया है। आपके अफसर तो इस स्कीम को बहुत अच्छी तरह से लागू करना चाहते है लेकिन आपकी कांग्रेस (आई) पार्टी के कुछ कार्यकत्र अफसरों पर दबाव डालकर घपला करना चाहते है। मैं आपको यह बताता हूं कि आपकी पार्टी के कार्यकर्ता बी.डी. ओज. पर नाजायज दबाव डाल कर इस 'फण्ड फार वर्क' प्रोग्राम के तहत जो अनाज दिया जाता है, उस अनाज को बेच कर पैसे अपनी जेबो मे डालना चाहते है। इसलिये मैं खास तौर पर अपनी सरकार से जिसमे बड़े पुराने पुराने मैंबज साहेबान भाामिल है, तायल साहब जैसे लोग इसमे भाामिल है, निवेदन करूंगा कि वे इस बात की तरु ध्यान दे। आपकी पार्टी के कार्यकर्ता जो इस 'फण्ड फार वर्क' प्रोग्राम का मिसयूज करना चाहते है, बी.डी.ओज. पर प्रै ार डालकर अनाज बेचकर पैसे अपनी जेबो मे डाल रहे है, इस बात को रोके। इस तरह के हालात तो इस प्रदे ा के अंदर चल रहे है। चेयरमैन साहब, मै एक बात कहकर अपना स्थान लूंगा

। ये जो सारे 'भाई' कांग्रेस (आई) मै बैठे हुए है (विघ्न व भाोर) ये इस बात को खुद भी सोचते है कि जनता के सामेन कभी न कभी तो जाना पड़ेगा ही। अभी तायल साहब ने (व्यवसाय व भाोर) कल जो बजट पे ा किया, उससे यह साफ जाहिर है कि आप लोगो को 15 दिन के अंदर जनता के दरबार मे फिर जाना पड़ेगा। जनता आपको बख्भोगी नही । जनता आपको इस बात के लिये वाजिब सजा देगी, जो आपने इस प्रदे ा की जनता के साथ धोखा दिया है।

चौधरी रिजक राम (राई): चेयरमैन साहब, मैं डिमांड नंबर 3, 4 और 17 के ऊपर बहुत थोड़े से भाब्दों मे अपने विचार रखता हूं। डिमांड नं. 3 मे चुनावों और पुलिस के बारे जिक्र है। इस डिमांड मे चुनावों के लिये हुए खर्च की मांग की गयी है। चेयरमैन साहब, ये जो चुनाव हुए, इसमे एक विचित्र और अजीब सी बात सामने आयी जो भाायद आज तक किसी भी चुनाव के सामने नही आयी। जनता पार्टी और लोक दल की ओर से, जातिवाद मे खूब प्रचार किया गया। भाायद इतना जातिवाद का प्रचार पहले कभी नही किया गया था। (व्यवधान व भाोर)

आवाजे: ये कौन सी डिमांड पर बोल रहे है ?

चौधरी रिजक राम: मैं डिमांड नं.3 पर बोल रहा हूं। जनता पार्टी के बड़े ही जिम्मेवार नेताओ ने बाबू जगजीवन राम के नाम पर जात बिरादरी का जहर फैलाया और इस बात का प्रचार

किया कि आप हमें राय दो ताकि आपका एक हरिजन भाई प्रधान मंत्री बन सके। इसी तरह से लोक दल ने भी जातिवाद का प्रचार किया। (व्यवधान व भाोर) मैं यह बात बड़ी जिम्मेदार के साथ कह सकता हूं कि अगर ये पार्टियां लोक सभा इलैक ान मे कामयाब हो जाती तो इस दे ा मे जातिवाद की जड़े मजबूत हो जाती । ई वर ने यह अच्छा ही किया कि इन पार्टीज को चुनावों मे ि ाकस्त दी। इन पार्टीज के मुकाबिले मे यह जो इलैक ान हुए है, उन मे जातिवाद को दबाने के लिये इंदिरा गांधी ने बड़ा भारी योगदान इस दे ा के लिये दिया है। लेकिन मैं इस बात इस सिलसिले मे जरूर कहना चाहता हूं कि इस चुनाव मे आमतौर पर अफसरान का व्यवहार सराहनीय रहा है। किसी ने भी पक्षपात से काम नही लिया लेकिन इसके बावजूद भी कूछ बड़े अफसरान को परे ाान किया गया, उनको तबदील किया गया। चेयरमैंन सहाब, तैं आपके द्वारा यह अज्रग करना चाहता हूं कि चुनाव के दौरान अफसरान का रवैया बड़ा अच्छा रहा है। वे किसी पक्षपात मे नही पड़े। इसलिये मैं मुख्य मंत्री महोदय से अर्ज करना चाहता हूं कि नीचे स्तर के जो अफसर है अगर उनको जातिवाद के नाम पर परे ाान किया जाता हो, तंग किया जाता हो तो उसको दूर किया जाये। मेरा कहना यह है कि अगर अफसरान तक राजनीति चली गई और अफसरान ने किसी पार्टी से हमदर्दी रखते हुए अपने नीचे के लोगों की तरक्की करने या तबदील करने का सियार कायम किया तो राजनीति और प्र ाासन को बड़ा धक्का पहुंचेगा। इसलिये इस मामले मे मेरी प्रार्थना है कि सारा मंत्रिमण्डल सचेत

रहे है कि उनके मातहत कर्मचारी और खासतौर से पुलिस के कर्मचारी इस तरह का व्यवहार न करे। चेयरमैन साहब, पुलिस के कुछ ऊपर के दर्जे के अफिसर्ज इलैक ान्ज से पहले भी और इलैक ान्ज के बाद भी जातिवाद की बिनहा पर, जात बिरादरी की विनहा पर अपने नीचे के अफसरान की तबदीली और उनकी तरक्की मे ज्यादा से ज्यादा दिलचस्पी ले रहे है। हालांकि वे रि तेदार भी है लेकिन रि तेदारी को भुलाकर एक बिरादरी के अफसरान को ज्यादा से ज्यादा तंग करने का बतीरा अख्तियार किया हुआ है। हो सकता है कि मुख्य मंत्री के नोटिस मे यह बात न हो इसलिये मैं खास तौर पर यह बात उनके नोटिस मे लाना चाहता हूं कि अगर पुलिस जो ला एंड आर्डर की जिम्मेदार है, उसमे पार्टीबाजी हो और बिरादरी की बिनहा पर तबदीलियां और प्रोमो ान की जाये तो सारी स्टेट का इंतजाम खराब हो जायेगा। पुलिस का एक अफसर चाहे वह कितना ही बड़ा क्यो न हो अगर वह किसी एक खास बिरादरी के आदमी को, किसी खास जाति से संबंध रखने वाले आदमी को तबदील करता है, एक खास बिरादरी के आदमियों को अच्छी जगहों से निकालकर खराब जगहों पर भेज देता है तो यह खराब बात है। मैं आ ाा करता हूं कि मुख्य मंत्री महोदय, उस पुलिस के अफसर को, जिसने कई महीने से इस तरह का रवैया अख्तियार किया हुआ है कि जाति के बहाने से, चुनाव के बहाने से, बिरादरी के बहाने से कि फंला बिरादरी ने कांग्रेस को या जनता को वोट नही दिये और उस बिनहा पर छोटे अफसरों को सजा दी जाये अच्छी बात नही है, उस को समझाने

का प्रयत्न करेंगे जिससे कि पुलिस के निजाम मे कोई असंतोश न हो, कोई खराबी न हो।

चेयरमैन साहब, अब मैं लैंड रिफार्म के बारे मे अर्ज करना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, 1953 मे पंजाब सिक्योरिटी आफ लैंड टैन्योर एक्अ किया गया । इससे पहले से लैंड रिफार्म की चर्चा चली रही थी। 1952 मे पहले चुनाव हुए और उससे पहले जमींदारा सिस्टम को खत्म किया गया। 1972–73 मे इस एक्ट मे फिर तरमीम की गई। चेयरमैन साहब, इस अर्से मे इस कानून के बारे मे जितनी लिटिगे ान हुई उतनी किसी और कानून के बारे मे हनी हुई। चेयरमैन साहब, आप हैरान होंगे कि जमीन के बारे मे इस ढंग से कानून बनाया गया कि उसको न वकील समझ सके, न जज समझ सके बल्कि सुप्रीम कोर्ट के जो फैसले आए वे भी एक दूसरे से मुतजाद थे। उस एक्ट की सैक ान के मायने क्याहै इसके बारे मे फैसला लेने के लिये लोगो के लाखो रूपये खच्र हो गये। चेयरमैन साहब, आज अंदाजा यह है कि दे ा मे पचास लाख एकड़ भूमि सरप्लस है। इसमे से 44.45 लाख एकड़ भूमि के बारे मे निर्णय दिया गया कि यह सरप्लस है और यह भी बतायाग या है कि पंद्रह सोलह लाख एकड़ भूमि ऐसी है जिस पर गुजारे बैठे हुए है। चेयरमैन साहब, 1953 से आज तक की पोजी ान यह है और आप देख सकते है कि इन 26–27 साल के अन्दर एक तिहाई जमीन पर मुजारे बिठाये जा सके है। चेयरमैन साहब, 1972 मे डिस्ट्रिक्ट रोहतक मे एक सर्वे किया गया और आप यह जानकर

हैरान होंगे, उस सर्वे कमेटी को यह रिपोर्ट है कि अगर किसी जगह सौ मुजारे बिठाए गये है तो उन सौ मुजारो मे से केवल बारह मुजारे ऐसे है जिनका जमीन पर कब्जा हुआ है बाकी का कब्जा नही हुआ है। जब उनको कब्जा नही मिलता तो वह जमीन सरप्लस नही रह पाती है और इस सरप्लस जमीन के कारण देहात मे बहुत खींचातानी है, बहुत ज्यादा भेदभाव देहात के अंदर पैदा हो गया है। हरिजन भाई यह कहते है कि उनको जमीन नही मिलती और किसान भाई यह कहते है कि उनकी जमीन ये हरिजन भाई ले लेंगे। पिछले तीस साल से यह चल रहा है, न किसी की जमीन छीनी गई और न किसी को जमीन दी गई है। चेयरमैन साहब, आप भी देहात के रहने वाले है और आपका देहात के साथ गहरा संबंध है। आपको पता हे कि पिछले तीस साल के अंदर यह निर्णय नही हो पाया है कि किससे कितनी जमीन लेनी है और किसको कितनी देनी है और अब भी यह फैसाल नही हो पा रहा है। चेयरमैन साहब इस प्र न की वजह से कि कितनी जमीन सरप्लस है, कितनी जमीन किसी को लेनी है, कितनी जमीन किसको देनी है, देहात मे बहुत तनाव है। मेरी मुख्य मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि लैंड रिफार्म के मसले को प्रायरिटी देकर जितनी जमीन लेनी है उसको लेकर जिनको देनी है उनमे तकसीम कर दे ताकि देहात मे कंफिलिक्ट पैदा नह हो और जो रोश देहात के लोगो मे फैला हुआ है वह खत्म हो जाये। चख्येरमैन साहब, आप देखे कि बिहार के अंदर नक्सलाइटस जमीन के मसले को लेकर हरिजनो तथा गैर हरिजनो को भड़काते फिर हरे है, वहां पर कई

जमीदारो का कत्ल भी हुआ है। अभी पिछले दिनो पंद्रह सोलह आदमियो का कत्ल कर दिया गया। यह सब इस चीज का परिणा महै इसके साथ ही साथ चेयरमैन साहब, मै यह बताना चाहता हूं कि आज जमीन की पोजी ान क्या है। 1961 मे 16 परसेंट किसान ऐसे थे जिनके पास पांच एकड़ जमीन थी और आज 73 परसैंट किसान ऐसे हे जिनके पास पांच एकड़ भूमि है या उससे कम है। एक एक एकड़ के बिस्वेदार 39 फीसदी थे जो आप पचास फीसदी हो गये हैं एग्रीक्लचरल मजदूरो की तादार अठारह उन्नीस लाख थी जो बढ़कर उन्ततीस लाख हो गई हैं मजदूरो की तादाद बढ़ती जा रही है। किसानो की तादाद, खेती करने वाले की तादाद घटती जा रही है। जो होल्डिंग्ज थीं वे घटती जा रही है। जहां 73 फीसदी आदमी ऐसे हो जिनके पास पांच एकड़ से कम जमीन हो, वहां पर किससे जमीन ली जाये और किसको दी जायें इस बारे मे जल्दी से जल्दी फैसला करना चाहिये।

चेयरमैंन साहब, अब मैं स्टाफ बिल्डिंग्ज के बारे मे कहना चाहता हूं क्योंकि इनके लिये रूपया मांगा गया है। सरकार ने अभी नइए डिस्ट्रिक्टस बनाए है जैसे फरीदाबाद, सिरसा लेकिन वहा पर आज तक सै ान जज की रिहाइ ा के लिये मकान नही है। भिवानी के अंदर भी अभी तक जजिज के लिये मकान नही है। जो वहां परी स्टाफ लगा हुआ है उसके लिये भी कोइ मकान हनी हैं इसका नतीजा यहा है कि वहां पर कोई भी अफसर जाना नही चाहता है। जब उन्हे धर नही मिलते तो वे अफसर वहां से अपनी

बदली करवाने की कोि ा ा करते है। आज सोनीपत और भिवानी जैसे ऐसे छोटे छोट जिले है, जहां पर अफसरो और मुलाजमों के रहने के लिये सरकारी मकान नही है। प्राईवेट मकानों का यह हाल है कि जिन मकानो का किराया पहले 50 रूपये था अब वे मकान 600, 700 रूपये महीना किराये पर भी नही मिले। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि सरकार को इस तरफ खास तवज्जह देनी चाहिए और छोटे छोअ मुलाजमो के लिये व जो जजिज साहेबान है, उनके लिये सरकारी मकानो का प्रबंध करना चाहिए। दूसरे खर्चे तो अवायड किये जा सकते हे लेकिन इस तरह के जो जरूरी खर्च है उनको अवायड न किया जाये और मकान वगैरह बनाने की तरफ खास ध्यान दिया जाये। कई ऐसे डिवीजन है जहां पर अभी तक मकानात वगैरह नही बने है और इस तरफ मेरे विचार मे सरकार का अभी तक ध्यान भी नही गया है। इसलिये इस तरु जितना खर्चा सरकार ने रखा है, उससे ज्यादा खर्चे का प्रावधान किया जाये।

चेयरमैन साहब, इससे आगे मैं हेल स्टोर्मज के बारे मे कुछ बतलाना चाहता हूं। अभी रोहतक और भिवानी जिलो मे इस वजह से किसानो की काफी फसले बरबाद हो गई है । मेरे विचार मे सरकार की इस तरफ कुछ तवज्जह होगी और कुछठ रूलज भी बने हुए है जिनके तहत सरकार किसानो को रियायते देती है माफी देती है। सरकार ने ऐसा कर रखा है अगर किसी का 25 फीसदी नुकसान हो गया तो उसको इतना मुआवजा दिया जायेगा,

जिसका 50 परसैंट नुकसान हुआ उसको इतना मुआवजा दिया जायेगा। लेकिन मेरे विचार से वे रियायते उचित नही है। आप देखिये कि एक किसान के पास एक बीघा जमीन होती है तो वह उस पर पता नही कितने महंगे बीज, कितनी महंगी खाद का इस्तेमाल करता है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आप वाइंड अप करे।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, मै बता रहा था कि किसान का एक किले के ऊपर कितना कितना खर्चा आता है और अगर कहीं ई वर का प्रकोप से ओले पड़ जाते है तो उस बेचारे का कितना नुकसान हो जाता है। इस बात का ध्यान खस तौर पर सरकार को रखना चाहिए और पड़ताल करवानी चाहिये कि उसका कितना नुकसान हुआ है और उस किसान को उस के नुकसान के हिसाब से मुआवजा देना चाहिये न कि पिछले कायदे और कानून के हिसाब से उसको मुआवजा देना चाहियें चेयरमैन सहाब, मै आप को बताऊं कि आज हरियाणा के अंदर कोई ऐसाकिसान नही है जिसकी इतनी जयादा पेदावर हो कि वह अपने व अपने बच्चो का अच्छी तरह से गुजारा कर सकता हो। तकरीबन हरेक किसान बेचारा कर्जे के नीचे दबा रहता है और जब ऐसी कोई बात हो जाये तो वह बेचारा बिल्कुल ही खत्म हो जाता है और कर्जे वगैरह से डरता हुआ वह छुपता रहता है, कर्जा लेने वाले उसके पीछे पीछे रहते है। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह उन पुराने कायदे कानूनो को पीछे हटा कर किसान को उसके नुकसान

का असली मुआवजा दे ताकि किसान को भी एक सुख का सांस मिले और वह दोगुनी मेहनत से अपना काम कर सके और ईमानदारी से अपना व अपने बच्चों का पेट पाल सके। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

श्री मूल चंद मंगला (पलवल): चेयरमैन साहब, आजादी मिलने से पहले हमारे पूजनीय महात्मा गांधी जी यह बात कहा करते थे कि आजारी आ जाये तो आप देंखेगे कि हमारे दे ा के नेता जो है, वे एक साधारण जीवन व्यतीत किया करेंगें एक सस्ते तरीके से रहैंगे ताकि जो गरीब जनता है, किसान है, मजदूर है उनके दिलों मे किसी किस्म की भावना न आए कि हमारे नेता इतना ज्यादा खर्चा कर रहे है। अभी श्री मूलचंद जैन जी ने बोलते हुये कहा है कि उनका खर्चा इतना अधिक दिखाया गया है जिसको देखकर मन बहुत दुखी होता है । मैं उनकी बात की ताईद करता हूं । चेयरमैन साहब, इस मे साफ लिखा है कि राज्यपाल के स्टाफ की तनख्वाहों के लिये 102180 रूपये, राज्यपाल महोदय के घरेलू अमल `पर 8400 रूपये और राज्यपाल तथा उसके परिवार को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिये 11900 रूपये की रा ि ा नि ि चत की गयी है। इसी तरह से आगे यह लिखा गया है राज्यपाल महोदय के मनोरंजन के लिये 241200 रूपये की रा ि ा निर्धारित की गई है। राज्यपाल के संविदा भत्ते का खर्चा 241200 रूपये व राज्यपाल के दौरे का खर्चा 900 रूपये बताया गया है। इसलिये मेरा यह सुझाव है कि

यह जो राज्यपार महोदय के लिये इतना भारी खर्चा दिखाया गया है, वह नाजायज खर्चा है। अगर हम इस खर्चे को कम नही करेंगे तो हम अपनी गरीब जनता को यह कैसे कह सकेंगे कि हम आपके लिये यहां पर कुछ कर रहे है। इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार को गरीब आदमियों की कोई फिकर नही है, केवल बड़े आदमियों का ही ध्यान है। मेरा सुझाव है कि इस मसले पर सरकार को दोबारा विचार करना चाहिए।

इससे आगे एक और बात बताना चाहता हूं । डबवाली मे तहसील भवन के कार्यालय का सरकार 70 रूपये प्रति माह के हिसाब से किराया देती थी और उस मालिक मकान ने उचि किराया करवाने के लिये उप न्यायाधी ा एंव किराया नियंत्रक डबवाली के न्यायालय मे मुकदमा दायर कर दिया। न्यायालय ने यह किराया बढ़ाकर 521.25 रूपये कर दिया। आप ही देखिये कि अगर दोबारा असैस करवाया जाये तो मु कल से कहीं दोगुना किराया भी नही होगा पर इस केस मे तो कोई राजनीतिक चाल दिखाई देती है कि एक दम किराया 70 रूपये से बढ़कर 521.25 रूपये हो गया। (ाोर व व्यवधान)

चौधरी देस राजः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। जो केस कोर्ट से संबंधिंत हो वह यहां पर डिस्कस नही होना चाहिये । यह जो 521.25 रूपये की रा ि ा बढ़ाई गई, यह कोर्ट का फैसला था, हमने कोर्ट के फैसले के मुताबिक यह पमैंट कर दी।

श्री सभापतिः मंगला जी, आप कन्टीन्यू रखिये।

श्री मूल चंद मंगलाः चेयरमैन साहब, मेरा कहने का मतलब यह था कि इसमे कोई राजनीतिक बू आ रही है। यह जो मामला है, इसमे वजोहात नही हैं कोई न कोई चालाकी हुई है। अभी बहन सुशमा जी ने भी कहा कि एक साईकिल सवार को एक गाड़ी मार कर फेंक गई। जो आदमी उस आदमी को हस्पताल मे ले गया उसक खिलाफ कोर्ट ने डिक्री कर दी और उस आदमी के रि तेदारो को सरकार की तरफ से 22000 रूपया देना पड़ा। इस केस के भी ऐसा जाहिर होता है कि इसमे भी कोई न कोई चार सौ बीसी है। ऐसे केसिज मे अगर सरकार को पता हो कि डिक्री होनी है तो कोर्ट मे जाने का कोई मतलब ही नही होना चाहिए।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, मैं भी एस्टीमेटस कमेटी का मैंबर हूं। जब यह डिमांड वहां पर पास की गई, उस वक्त सभी बातों को सोच समझ कर इसको किया गया। इसलिये इन्होंने जो बाते यहां पर कही है उसे कार्यवाही मे से निकाल दिया जाये।

श्री मूल चंद मंगलाः चेयरमैन साहब, इसी तरह से एक और केस है। एक अधिकारी की पदोन्नति होनी थी, उसको पदोन्नति नही दी गयी। वह आदमी कोर्ट मे चला गया, कोर्ट ने सरकार के विरूद्ध फैसला दे दिया और उस आदमी को पदान्नति दे दी गयीं जो उसका बकाया पैसा था, वह भी दे दिया गया।

अगर सरकार पहले ही सोच समझ कर सारा काम करे तो क्यो इतना नुक्सान उठाना पड़े। उस आदमी का भी अदालत मे काफी खर्चा हुआ और इधर सरकार को भी उस मुकदमे पर काफी पैसा लगाना पड़ा। इसलिये मेरी सरकार से रिक्वैस्अ है कि इस तरह के केसिज को पहले ही अपने लैवन पर अच्छी तरह से परसू कर लेना चाहिये ताकि उसे इस तरह का नुकसान न उठाना पड़े। इससे सरकार की नीतियों की भी बदनामी होती है और इस तरह से जो फालतु पैसा अदालतों मे चला जाता है, वही पैसा अगर किसी गरीब मजदूर, गरीब किसान और दूसरी गरीब जनता के लिये खर्च किया जाये तो मेरे ख्याल मे यह ज्यादा हितकारी सिद्ध होगा। इससे लोगो को भी फायदा होगा और सरकार भी ऐसे गल्त कामों से बच जायेगी। इसलिये मैं समझता हूं कि इस प्रकार की कार्यवाही नही होनी चाहिए। किसी गरीब आदमी को अपने हक मे लिये बिना वजह हाई कोर्ट मे जाना पड़े, यह बात ठीक नही है। सरकार का फर्ज हो जाता है कि वह उसकी जायज मांग पर पहले ही ठीक प्रकार से सोच विचार करे।

इसके बाद मैं मांग नं. 6 पर आता हूं। इस मांग मे काफी रूपया एकसैस मांगा गया है। मैं समझता हूं यह भी पहली मांग की तरह ही दिखाई देता है। यह पैसा मांग कर एम.एल.एज. को खु ा करने की कोि ा ा की जा रही है। जैसे मैंने भाुरू मे कहा कि इस दे ा की जनता गरीब है इसलिये हमे वेस्टफुल एक्सपैंडीचर नही करना चाहिए।

सरदार सुखदेव सिंहः चेयरमैंन साहब, मेरा प्वायंअ आफ आर्डर है। चेयरमैन साहब, सामने खम्भे पर जो बात लिखी है कि यहां पर वही बात कही जाये जो सच है। तो क्या मेरे साथी इस बात पर अमल करेंगे कि वे बढ़ा हुआ भत्ता नही लेंगे ? (ाोर)

श्री मूल चंद मंगलाः हां मै वायदा करता हूं और मैं लिख कर भी दे दूंगा। यह काम तो एम.एल.एज. का खुरूा करने के लिये किया जा रहा है। (ाोर)

चौधरी उदय सिंह दलालः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैं मैंबर साहेबाद को आपके द्वारा रिक्वैस्ट करूंगा कि जो पैं ान या और भतों को गलत समझते है। वे लिख कर दे दे कि हम सह सहूलियत नही लेना चाहते। सरकार एक्ट मे तरमीम कर देगी और इससे स्टेट को भी फायदा होगा। (ाोर)

श्री मूल चंद मंगलाः चेयरमैन साहब, मैं तो इस बात की पहले भी मुखलाफित करता था और अब भी करता हूं । इसके बाद मैं मांग नं. 14 पर आता हूं। इसमे 18929000 रूपये गनी बैगज की खरीद के लिये मांगे गये है। इस मामले मे भी बड़ी गड़बड़ होती है। मैं चाहता हूं कि जो बोरियां खरीदी जायें उनकी तसदीक कारवाई जाये कि वह वाकई नई है। मंडियों मे नई बोरियों की बजाये पुरानी बोरियों मे अनाज भर दिया जाता है।

इसलिये इस घोटाले की जरूर छान बीन की जाये। पिछली बार हमे पता चला था कि नई बोरियों की बजाये पुरानी

बोरियां मिली थी। जिस काम के लिये यह रूपया मांगा गया है वह घपले की बजाये और कुद नही है क्योंकि कोटे ान देने वाला असली तो एक ही आदमी होता है दूसरी कोटे ाने वह खूद ही बना कर दे देता है। मैं खाद्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस मामले मे खास ध्यान रखे। अभी मंत्री जी कैरोसीन के बारे मे बता रहे थे। मैंने पिछले इतवार को देखा कि एक आदमी रिक ाा पर दो सौ लिटर तेल ले जा रहा था । मैं उसी वक्त डीलर के पास गया और पूछा कि इसको इतना तेल कैसे दे दिया ? तो उसने मुझे 50–50 लिटर के चार परमिट दिखाये। वे परमिट अलग अलग नाम से थे लेकिन आदमी एक ही ले रहा था। चेयरमैन साहब, आज इस प्रकार की धांधलेबाजी हो रही है। गरीब आदमी को तो एक बोतल भी तेल की नही मिलती लेकिन बड़े आदमी दो दो सौ लिटर तेल ले रहे है। मैं इस विशय मे और भी बातें कहना चाहता था लेकिन आप मुझे वाईउअप करने के लिये कह रहे है। इसलिये मैं बाकी बाते बजट पर बहस के वक्त कहूंगा।

चौधरी गंगा राम (गोहाना): चेयरमैन साहब, मैं सब से पहले डिमांड नं. 4 पर बोलना चाहूंगा। आज सरकार ने यह माना है कि ओला वृश्टि से किसानो को 25 करोड़ रूपये की हानि हुई है। मुख्य मंत्री जी पिछली सरकार मे भी मंत्री थे। उस समय किसानो का जो ओलावृश्टि से नुक्सान हुआ था तो चौधरी देवी लाल की सरकार ने तीन सौ रूपये फी एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया था। मैं आज की सरकार से भी दर्खास्त करता हूं

कि किसान सूखे से भी मरा, पाले से भी मरा, ओले से भी मरा, उसे डीजन भी नही मिला और पानी भी नही मिला। इसके अलावा जितने किसान के इम्पलीमैंटस है उनकी भी कीमते बहुत बढ़ गई है। जो बीज किसान ने डाला था उसकी कीमत भी पूरी नही मिली। इसलिये मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि अच्छाई मे मुकाबिला होना चाहिए। अच्छा यही है कि अगर चौधरी देवी लाल ने तीन सौ रूपये फी एकड़ मुआवजा दिया था तो आपको पांच सौ रूपये फी एकड़ देना चाहिए। मैं सरकार से वही सिफारि ा करूंगा जिससे इस प्रदे ा का भला हो सके। इसके अलावा जो आखिर मे डिमांड नं. 25 है मे उसके बारे मे कुछ कहना चाहता हूं। सरकार ने खुद माना हे कि आज भी हमारे प्रदे ा के जो भूगर मिल है उनके पास किसानो का तीन करोड़ रूपया बकाया पड़ा है। बड़ी भार्म की बात है कि हर साल हमारे प्रदे ा के किसानो का करोड़ों रूपया बकाया भूगर मिलों के पास पड़ा रहता है और दो दो साल तक नही दिया जाता है। एक तरफ तो हमारी सरकार जो भूगर मिलो को लोन देती है उस पर ब्याज लेती है लेकिन दूसरी तरफ किसानों का चार करोड़ रूपया हर साल बकाया पड़ा रहता है, उस पर कोई ब्याज नही दिया जाता। इसलिये मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि किसान का जो पैसा कई साल तक ब्लाक रहाता है, उस पर ब्याज दिया जायें हमारी सरकार ने सैंटर से दस करोड़ रूपया लिया और इस साल मे उस पर 50 लाख रूपया ब्याज दे रही है। इसी तरह से किसान का

4–5 करोड़ रूपया ब्लाक पड़ा रहता है लेकिन उसको ब्याज नही दिया जातां

सहकारिता तथा योजना मंत्री (ठाकुर बीर सिंह): चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। जो फिग्गर्ज मेरे दोस्त गंगा राम जी दे रहे है, ये सारी गल्त है। किसानो का पिछला सारा पैसा क्लियर किया जा चुका है। तीन मिलो मे कुछ बाकी है बाकी सारी पेमैंअ क्लियर करवाई जा चुकी है। इस साल भी केस पेमैंअ करवाई है।

चौधरी गंगा रामः चेयरमैन साहब, मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि किसान का जितना पैसा ब्लाक रहता है, उस पर किसान को ब्याज मिलना चाहिए। इसके अलावा चेयरमैन साहब, मैं मांग नं. 3 पर भी बोलना चाहता हूं। इसके अंदर पुलिस विभाग के लिये 14258875 रूपये मांगे गये है। यह तो हम भी मानते है कि पुलिस विभाग मे कुछ तरक्की होना चाहिए ओर उनका फायदा होना चाहिए । लेकिन बड़ी भार्म की बात है कि आज हरियाणा के अंदर ला एंड आर्डर के नाम की कोई चीज ही नही है। आज हरियाणा के अंदर हर जगह पुलिस इनोसैंट आदमियों को पीट रही हैं आज मै अखबार पढ रहा था। गुड़गांव मे एन.के. सिंह को बुलाया गयां उसकी इंटैरोगे ान डेढ़ घंटे तक चली। वह जब पुलिस थाने से बाहर आया तो वहां पर प्रैस रिपोर्टर खड़े थे। प्रैस रिपोर्टरो ने उनसे कुछ पूछना चाहा तो थाने दार भी बाहर आया। चेयरमैन साहब बड़ी भार्म की बात है कि थानेदार ने अखबार वालो

को, प्रैस रिपोर्टरों को यह का तुम थाने मे कैसे आए, तुम्हारी कैसे हिम्मत पड़ी, तुम बाहर निकल जाओं। यहां तुम एन.के. सिंह से कोई पूछ ताछ नही कर सकते।

*चेयर के आदे ाानुसार कार्य वाही से निकाल दिये गये।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): सभापति महोदय माननीय सदस्य जो बात हाउस मे कह रहे हे वह इनको बहुत जिम्मेदारी के साथ कहनी चाहिए। किसी भी प्रैस रिपोर्टर को नही कहा गया है। यह बिल्कुल निराधार और गलत बात है। इसलिये यह हाउस की कार्यवाही से एक्सपंज होनी चाहिए।

श्री सभापतिः चौधरी गंगा राम जी ने जो प्रैस रिपोर्टरों के बारे मे बात कही वह एक्सपंच की जाये। चौधरी गंगा राम जी आप डिमांड पर बोलिये।

चौधरी गंगा रामः सभापति महोदय, यह खबर अखबार मे आई है सभापति महोदय दूसरी बात है कि मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सरकार आज हरियाणा के अंदर ग्रामों के सुधार की और देहातो के सुधार की बात करती है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने, जिसमे चौधरी साहब मंत्री थे, 80 लड़कों को सैंट्रल कोआप्रटिव बैंक सोनीपत मे नौकरी दी थी और इस सरकार ने आते ही उन 80 लड़को को नौकरी से निकाल दिया (ाोर एंव विघ्न) सभापति महोदय, मैं यह भी कहना चाहता

हूं कि हरियाणा एग्रीकचरल मार्किटिंग बोर्ड मे देहात के 150–200 लड़कों को नौकरी दी गई थी इस सरकार ने आते ही उनको वहां से निकाल दिया।

श्री सभापतिः चौधरी गंगा राम जी आज डिमांड पर बोलिये।

चौधरी गंगा रामः सभापति महोदय, मैं डिमांउ पर ही बोल रहा हूं आज यह सरकार कहती है कि हम खर्चे कम कर रहे है और यह भी कहती है कि बजट मे हम कोई नया टैक्स नही लगाना चाहते है। सभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि मैम्बरों को खु ा करने के लिये किस तरीके से हरियाणा के गरीब किसानो की कमर तोड़ी जा रही है। सभापति महोदय, इस सरकारने हरियाणा मे नई तहसीले बनाई है, नई सब तहसीले बनाई है और सब डिवीजन भी बनाए गए है जिनमे हजारो आफिसर्ज जा कर काम करेंगे। सभापति महोदय, यह एक छोटा प्रांत है और इसके अंदर 10–11 छोटे छोटे जिले है। इनमे 25–30 नई तहसीले बना दी है और सब तहसीलों की तो कोई गिनती ही नही है। लेकिन किसान बरबाद हो रहा है उसका इस सरकार का कोई ख्याल ही नही है। चेयरमैन साहब, अगर कोई आदमी चौधरी भजन लाल जी को कहता हे कि यह तो आप मेरे गांव को तहसील बना दे नही तो मैं आपकी पार्टी छोड़ कर जाता हूं इस तरह से वे दबाव डाल कर अपनी मांगे पूरी करवा लेते है । सभापति महोदय, मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चहूंगा कि आप

इस दबाव मे डरो मत। हम आपके साथ है, आपकी सरकार टूटती हनी है। मैं मुख्य मंत्री जी को यह बताना चहता हूं कि यदि आपको इस तरह से ब्लैक किया जाता रहा तो आप प्रवे ा का सुधार नही कर सकेंगे।

चौधरी देस राजः चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा चौधरी गंगा राम जी को कहना चाहता हूं कि वे दिन भूल गये जब इनको चेयरमैनि ाप से हटाया गया था तो इन्होने मुख्य मंत्री महोदय के पास जाकर माफी मांगी थी।

